**संख्या: एचसी/7/2023-हिंदी कक्ष**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान**

**(हिंदी कक्ष)**

दिनांक: 16 जुलाई, 2026

# परिपत्र

**विषय: अर्धवार्षिक हिंदी पत्रिका 'जन स्वास्थ्य धारणा' के चौंतीसवें अंक (हिंदी भाषा एवं साहित्य विशेषांक) में प्रकाशनार्थ लेख आमंत्रण के संदर्भ में।**

संस्थान द्वारा राजभाषा नीति के प्रगामी प्रयोग की दृष्टि से एवं हिंदी में तकनीकी लेखन को बढ़ावा देने हेतु एक हिंदी पत्रिका 'जन स्वास्थ्य धारणा' का वर्ष 1995 से सतत प्रकाशन किया जा रहा है।

इसी क्रम में, जन स्वास्थ्य धारणा के चौंतीसवें अंक **(हिंदी भाषा एवं साहित्य विशेषांक)** में प्रकाशन हेतु हिंदी भाषा एवं साहित्य से संबद्ध विषयों पर केन्द्रित मौलिक हिंदी लेख एवं रचनाएं आमंत्रित किए जाते हैं। लेखों हेतु निर्धारित विषय इस परिपत्र के साथ संलग्न हैं। इच्छुक लेखक अपने लेख **दिनांक 20 अगस्त, 2026** तक प्रभारी, हिंदी कक्ष को ई-मेल ganeshsrivastava@nihfw.org पर प्रेषित करने का कष्ट करें। लेख हिंदी फॉंट मंगल में टंकित हों तो अति सराहनीय होगा एवं लेखों के अंत में संदर्भ सूची भी अवश्य दें। लेखों की शब्द सीमा 1000-1500 के मध्य अपेक्षित है।

संस्थान के सभी विभगाध्यक्षों/अनुभाग अधिकारियों/प्रभारियों से अनुरोध है कि वे इस परिपत्र को अपने विभाग/अनुभाग के सभी सदस्यों की जानकारी में लाने का कष्ट करें एवं उन्हें निर्धारित विषयों के अनुसार हिंदी में मौलिक लेख लिखने के लिए प्रेरित करें।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

अंकुर यादव 16/7/26

(प्रो. अंकुर यादव)
संकाय प्रभारी (हिंदी कक्ष)

**प्रति प्रेषित:**

1. संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी इत्यादि।
2. संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
3. निदेशक के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
4. उप-निदेशक (प्रशा.) के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
5. डीन के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
6. प्रभारी, कंप्यूटर केंद्र- संस्थान की वेबसाइट में अपलोड हेतु।

## 'जन स्वास्थ्य धारणा' के हिंदी भाषा एवं साहित्य विशेषांक में प्रकाशन के लिए निर्धारित विषय

- हिंदी भाषा : उद्‌भव एवं विकास, महत्व, क्षेत्र विस्तार इत्यादि से संबंधित आलेख।
- हिंदी के भाषिक स्वरूप तथा व्यावहारिक हिंदी पर आलेख।
- मानक हिन्दी वर्तनी, शब्द रचना, वाक्य संरचना संबंधी आलेख।
- अनुवाद एवं प्रयोजनमूलक हिंदी, कार्यालयीन हिंदी संबंधी आलेख।
- राजभाषा संबंधी विषयों, जैसे- राजभाषा कार्यान्वयन, नियम-अधिनियम, प्रशिक्षण, पुरस्कार-प्रोत्साहन इत्यादि पर केंद्रित आलेख।
- हिंदी भाषा की विभिन्न उपभाषाओं एवं बोलियां से संबंधित आलेख।
- हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार से संबद्‌ध आलेख।
- हिंदी साहित्य के विभिन्न कालखंड़ों में विकसित विधाओं, वैचारिक पृष्ठभूमियों एवं प्रतिनिधि रचनाओं पर आलोचनात्मक एवं विचारात्मक आलेख।
- हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के अंतर्संबंधों पर आधारित आलेख।
- वैश्वीकरण और हिंदी की स्थिति पर आलेख।
- निबंधकार द्‌वारा लिखे गए मौलिक ललित निबंध, कवि द्‌वारा लिखी गई मौलिक हिंदी कविता, कहानीकार द्‌वारा लिखी गई मौलिक हिंदी कहानी इत्यादि रचनात्मक विधाएं।
- कहानी, कविता एवं ललित निबंध वैज्ञानिक भी हो सकते हैं, अर्थात विज्ञान कहानी, विज्ञान कविता और विज्ञान निबंध भी भेज सकते हैं।
- उपर्युक्त विषयों से सह-संबद्‌ध अन्य संगत विषयों पर भी आलेख भेजे जा सकते हैं।